तापमान

अधिकतम 32.7 डिग्री

न्यूनतम 16.7 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



10 हिकापड़ आश्रम शाला में व्यवस्थाएं बदहाल...





10 परेंबानगांव में बन रहे गौरव पथ में गुणवत्ताहीन...






## भाजयुमो ने राहुल और खड़गे का फूंका पुतला

जगदलपुर। भाजपा जिला कार्यालय का घेराव करने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सामने भारतीय जनता युवा मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं के पहुंचने से पूर्व ही भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने आक्रोश जताते हुए राहुल गांधी एवं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का पुतला फूंका और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कार्यक्रम का नेतृत्व भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अभिलाष यादव,जिला महामंत्री सत्यम झा,जिला महामंत्री राम प्रसाद मौर्य एवं प्रदेश महामंत्री कुणाल ठाकुर ने किया। प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के आंदोलन को जनता को भ्रमित करने का प्रयास बताया।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिलाष यादव ने आरोप लगाया कि दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा देश की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से अनुचित प्रदर्शन किया गया,जिसका वहां उपस्थित नागरिकों ने विरोध किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यालय के घेराव के माध्यम से कांग्रेस राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही थी, जिसे भाजयुमो ने विफल कर दिया।

# गांव-गांव गूंजा विकास का संदेश, वीबीजी राम जी जनचौपाल अभियान का भव्य समापन

## 125 दिन रोजगार, जल सुरक्षा और आधारभूत ढांचे पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में ग्रामीण भारत में खुशहाली और समृद्धि के उद्देश्य से चलाए जा रहे वीबीजी राम जी अभियान के अंतर्गत नगरनार मण्डल में संचालित जन चौपाल कार्यक्रम का समापन 25 फरवरी को आसना शक्ति केन्द्र में किया गया। सशक्तिकरण, विकास, कन्वर्जेंस और सैचुरेशन के सिद्धांतों पर आधारित इस अभियान के माध्यम से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के उन्नत स्वरूप, श्रमिकों को 100 के स्थान पर 125 दिनों के रोजगार की गारंटी, संसद से पंचायत तक सीधी पहुंच तथा जल सुरक्षा, मूलभूत ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर,आजीविका और आपदा निवारण जैसे चार प्रमुख क्षेत्रों पर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। 18 फरवरी से प्रारंभ यह अभियान कोपागुड़ा, आड़ावाल, धुरगुड़ा, कलचा, बम्हनी, नगरनार, माड़पाल, मारकेल, धनपुंजी, घाटपदमुर, बलिकोंटा शक्ति केन्द्रों में आयोजित जन चौपालों के पश्चात आसना शक्ति केन्द्र में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक जगदलपुर एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव,सांसद महेश कश्यप,जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग,भाजपा जिला महामंत्री एवं नगरनार मण्डल प्रभारी रजनीश पाणिग्रही वक्ता के रूप में विभिन्न शक्ति केन्द्रों में ▶▶|शेष पेज 10 पर

अलग खबर





### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सेठिया,महामंत्री उपाध्यक्ष सीमांचल दास,मंत्री सुरेश ठाकुर,पुनीत साहू, गुरुनारायण पाणिग्रही,रुपेश समरथ,सुनील नाग,बेनुधर पाणिग्रही, उमाकांत पाणिग्राही,धनीराम कश्यप,विश्णु जोशी, प्रेमबती बघेल सरपंच,गंगाराम पुजारी,संत पाणिग्राही, गौतम ठाकुर, विकास जोशी,उपसरपंच राधिका देहारी,चंदर बघेल, पंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन की मौजूदगी रही।

## गड़बड़ी : पेंशनधारी परिवारों को नौकरी, अपात्रों को तृतीय श्रेणी का पद

# अनुकम्पा नियुक्ति में बड़ा खेल, नियम विरुद्ध भर्तियों का खुलासा, पात्र आवेदिका को 10 साल से इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जनपद पंचायत जगदलपुर में अनुकम्पा नियुक्ति को लेकर गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि शासकीय सेवा में पहले से कार्यरत या पेंशन पात्र परिवारों को नियमविरुद्ध अनुकम्पा नियुक्ति दी गई, जबकि पात्र होने के बावजूद सोनल मिश्रा को नियुक्ति नहीं दी गई। सोनल का कहना है कि उनकी माता शासकीय सेवा में नहीं थीं और न ही उन्हें पेंशन की पात्रता है, फिर भी उन्हें उनके दिवंगत पिता के स्थान पर नियुक्ति से वंचित रखा गया। आरोपों के अनुसार तारा माने के पति फॉरेस्ट विभाग में कार्यरत थे,उनकी मृत्यु के बाद उनके पुत्र को अनुकम्पा नियुक्ति दी गई। सिद्धार्थ राय को उनकी माता संध्या राय की मृत्यु पर पंचायत विभाग, जिला पंचायत जगदलपुर में नियुक्ति दी गई,जबकि उनके पिता खेल एवं युवक कल्याण विभाग जगदलपुर में शासकीय कर्मचारी हैं। विकास महंती को पंचायत विभाग जगदलपुर में नियुक्ति मिली, जबकि उनकी माता कोसा सेंटर में शिक्षिका हैं।

हितेंद्र साहू को उनके पिता सुरेश साहू भृत्य, जिला पंचायत जगदलपुर की मृत्यु पर सीधे तृतीय श्रेणी पद पर नियुक्ति दी गई,जबकि परिवार के अन्य सदस्य भी शासकीय सेवा में हैं। सचिन पांडे को उनके पिता रिखेशवर पांडे की मृत्यु पर शिक्षक पद पर नियुक्ति दी गई, जबकि उनकी माता स्वास्थ्य विभाग जगदलपुर में सहायक ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत हैं। गुलाब सिंह पत्नी सुशील सिंह को सचिव पंचायत कर्मी के पद पर नियुक्ति दी गई, जबकि आरोप है कि संबंधित व्यक्ति पहले ही सेवा से निष्कासित थे।

■ सोनलने मांगी वसूली और निष्कासन की कार्रवाई

अलग खबर

### जांच कर वेतन वसूली हो निष्कासित किया जाएग

सोनल को तीन सदस्यीय जांच समिति द्वारा पत्र के माध्यम से जांच प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। उनका आरोप है कि वर्ष 2014-15 से अब तक अपात्र व्यक्तियों को दी गई नियुक्तियों की जांच कर वेतन वसूली एवं निष्कासन की कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जानकारी मांगी,पर पूर्ण जानकारी नहीं दिए जाने की भी शिकायत की है।

### ये आरोप लगाए गए

सोनल का आरोप है कि पेंशन एवं शासकीय सेवा में कार्यरत परिवारों को अनुकम्पा नियुक्ति दी गई। कुछ मामलों में तृतीय श्रेणी पद पर सीधी नियुक्ति हुई। सेवा से निष्कासित व्यक्ति के परिजन को भी लाभ दिया गया; पात्र होते हुए भी उन्हें 10 वर्षों से नियुक्ति नहीं दी गई,सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी पूर्ण रूप से उपलब्ध नहीं कराई गई, तथा 2014-15 से अब तक दी गई नियुक्तियों की जांच कर अपात्रों से वेतन वसूली और निष्कासन की कार्रवाई की जानी चाहिए।

# बच्चों के साथ अधिकारियों ने किया भोजन, बढ़ाया हौसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय नीति आयोग के द्वारा बस्तर जिले के लिए नामांकित सेंट्रल प्रभारी अधिकारी शोभित जैन, कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन ने जिले के पीएम श्री विद्यालय केंद्रीय विद्यालय, पीएमश्री शासकीय प्राथमिक विद्यालय देऊरगांव तोकापाल तथा आकांक्षी ब्लॉक तोकापाल के छापर भानपुरी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया। उन्होंने पीएम श्री विद्यालय की व्यवस्थाओं, शैक्षणिक गतिविधियों, खेल गतिविधियों एव अन्य कलात्मक गतिविधियों का संज्ञान लिया, जगदलपुर के केंद्रीय विद्यालय में बच्चों द्वारा शैक्षणिक गतिविधियों की प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी गई। उनके द्वारा विज्ञान के ▶▶|शेष पेज 10 पर



# पर्यटन विशेषज्ञ ने ग्रामीण महिलाओं के संग किया महुआ संग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय पर्यटन विशेषज्ञ और हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग की संस्थापक सुश्री किर्सी ह्यवैरिनेन के बस्तर प्रवास का तीसरा दिन प्राकृतिक सौंदर्य के अन्वेषण और स्थानीय कौशल के तकनीकी संवाद के नाम रहा। बुधवार की सुबह सुश्री किर्सी ने धुड़मारास के वन परिक्षेत्र में 'नेचर एंड एविफुनल ऑब्जर्वेशन वॉक' पक्षी दर्शन यात्रा के साथ अपने दिन का आरम्भ किया। स्थानीय गाइडों और प्रकृति प्रेमियों के साथ जंगल की पगडंडियों पर चलते हुए उन्होंने बस्तर की जैव विविधता और स्थानीय वन पारिस्थितिकी तंत्र का बारीकी से विश्लेषण किया। वहीं इस दौरान किर्सी ह्यवैरिनेन ने ग्रामीण महिलाओं के साथ महुआ संग्रहण कर अभिभूत हुईं। सुबह के भ्रमण के पश्चात सुश्री किर्सी का काफिला विश्व प्रसिद्ध कोटमसर गुफा पहुँचा। यहाँ उन्होंने गुफा की प्राकृतिक संरचनाओं का अवलोकन करने के साथ ही कोटमसर इको-डेवलपमेंट समिति और ▶▶|शेष पेज 10 पर

*आत्महत्या का कारण अज्ञात पुलिस कर रही मामले की जांच*

# इन्द्रावती नदी के नए पुल से आरक्षक के बेटे ने रात को लगाई छलांग, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित नए पुल में बीती रात सीएसपी कार्यालय में पदस्थ महिला आरक्षक के 20 वर्षीय बेटे ने छलागं लगा दी थी। काफी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम ने शव को बुधवार दोपहर में तलाश करने में सफल रही। जानकारी के मुताबिक मंगलवार रात्रि एक व्यक्ति के इंद्रावती नदी बड़ा पुल से कूद जाने की सूचना पर तत्काल पुलिस व एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू कर दिया। टीम द्वारा द्वारा रात लगभग 11 बजे तक तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन अंधेरा और तेज बहाव के कारण सफलता नहीं मिल सकी। बुधवार प्रातः से पुनः सर्चिंग अभियान शुरू किया गया। दोपहर लगभग एक बजे एसडीआरएफ की टीम ने तरूण दास पिता देवेन्द्र दास का शव बरामद कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक इन्द्रावती नदी के नए पुल से छलांग लगाने से पूर्व युवक ने अपनी मां को फोन कर कहीं जाने और वापस न लौटने की बात कही थी। जिससे उसकी मांने घबराकर पुलिस को सूचित किया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तलाशी अभियान चलाते हुए तरुण का चप्पल और मोबाइल फोन बरामद हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ युवकों ने युवक को नदी में कूदते हुए देखा था। रात अधिक ▶▶|शेष पेज 10 पर


हरिभूमि

कायलिय कांकेर में भर्ती

पत्रकारिता के क्षेत्र में सुनहरा अवसर

रिक्त पद

सीनियर रिपोर्टर - 01 पद

समाचार लेखन में 3-4 वर्ष का अनुभव अनिवार्य

जूनियर रिपोर्टर - 01 पद

समाचार लेखन में 1-2 वर्ष का अनुभव आवश्यक

संपर्क करें - 7000955574


# भक्तों ने निकाली मां कालरात्रि की पालकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मां दंतेश्वरी मंदिर की यज्ञशाला में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के आठवें दिन बुधवार को नवरात्रि महात्म, मां कालरात्रि महिमा के साथ दैत्य शंखचूर्ण की कथा सुनाई गई। इसके साथ ही पांच सुहागन स्त्रियों की कुमकुम पूजा की गई। शाम को भक्तों ने मां कालरात्रि को पालकी में विराजित कर नगर भ्रमण कराया। इस अवसर पर वाराणसी से आए आचार्य सुमित भारद्वाज ने नवरात्रि महात्म की कथा सुनाते हुए कहा कि सिर्फ नवरात्रियों पर मंदिर ▶▶|शेष पेज 10 पर




# हिकपाड़ आश्रम शाला में व्यवस्थाएं बदहाल, शौच के लिए जंगल और खुले में स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

जिले में विकास के दावों और जमीनी सच्चाई के बीच गहरी खाई की तस्वीर अबूझमाड़ के हिकपाड़ आश्रम शाला में साफ दिखाई देती है। कस्तूरमेटा पंचायत के आश्रित इस सुदूर ग्राम में संचालित आश्रम शाला बदहाली के ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां 37 बच्चों के लिए केवल दो शौचालय ही किसी तरह उपयोग योग्य हैं। जबकि अन्य शौचालय अधूरे और जर्जर अवस्था में पड़े हैं।

अलग खबर

सुबह होते ही बच्चों को शौच के लिए जंगल का रुख करना पड़ता है। नहाने की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है, जिससे उन्हें खुले में स्नान करने को मजबूर होना पड़ता है। अधूरी बाउंड्री वॉल के कारण जंगली जानवर आसानी से परिसर में प्रवेश कर जाते हैं, जो बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। निरीक्षण के लिए अधिकारी पहुंचते तो हैं, लेकिन व्यवस्थाओं में सुधार धरातल पर नजर नहीं आता। आश्रम के बच्चे अक्सर चावल साफ करते दिख जाते हैं, जिससे यह भी सवाल उठता है कि क्या बच्चों से श्रम कराया जा रहा है या संसाधनों की भारी कमी है। अधीक्षक रायसिंह नूरेटी के अनुसार, रात में आपात स्थिति में दो शौचालयों का उपयोग कराया जाता है, लेकिन सुबह सभी बच्चों के लिए वे पर्याप्त नहीं होते।

## 37 बच्चों के लिए सिर्फ दो शौचालय

### प्रशासन का दावाः कुछ दिनों में चालू होगा काम

जब जंगल के बीच शिक्षा का दीप जलाने की बात होती है, तो न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए। सहायक आयुक्त राजेंद्र सिंह ने माना कि शौचालय की व्यवस्था खराब है रिपेयरिंग के लिए निविदा हुआ है कुछ दिनों में काम चालू हो जाएगा।





### आश्रम शाला की हालत में कोई सुधार नहीं

गौरतलब है कि क्षेत्र के विधायक केदार कश्यप कुछ वर्ष पूर्व हेलीकॉप्टर से कस्तूरमेटा पहुंचे थे। उस दौरे को विकास की बड़ी पहल के रूप में प्रस्तुत किया गया था, लेकिन आश्रम शाला की हालत में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ। सरकार अबूझमाड़ क्षेत्र के विकास पर लाखों रुपये खर्च करने का दावा करती है। बीते वर्षों में नक्सल प्रभाव भी कम होता दिख रहा है और प्रशासनिक पहुंच अंतिम छोर तक होने की बात कही जा रही है। बावजूद इसके, हिकपाड़ आश्रम शाला की बदहाल तस्वीर यह सवाल उठाती है कि विकास की राशि आखिर जमीनी स्तर तक क्यों नहीं पहुंच पा रही? सवाल सिर्फ संसाधनों का नहीं, बल्कि 37 मासूम बच्चों के सम्मान, सुरक्षा और भविष्य का है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज और कल

**कोण्डागांव।** राज्य शासन के मंशानुरूप ग्रामीणजनों की मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 26 फरवरी को सुबह 10 बजे से माकड़ी विकासखंड अंतर्गत ग्राम हीरापुर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें ग्रामीण अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रख सकेंगे। इसी प्रकार 27 फरवरी को सुबह 10 बजे से केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम जामगांव में तथा दोपहर 12 बजे से बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम हरवेल में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### कांग्रेस करेगी आज सुकमा कलेक्टोरेट का घेराव

**जगदलपुर।** सुकमा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मो. हुसैन ने बताया कि मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत सुकमा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरीश लखमा के नेतृत्व में 26 फरवरी को 11 बजे सुकमा कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा। इसमें समस्त ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस, नगर कांग्रेस, सेवा दल, एनएसयूआई, सेवादल, युवा ब्रिगेड, जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष एवं सदस्य, सरपंच, पार्षद उपस्थित रहेंगे।

### मां मानेकश्वरी मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन आज

**जगदलपुर।** माणिकेश्वरी सेवा समिति के अध्यक्ष कालीचरण कश्यप, पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप ने बताया कि उपनपाल में मां मानेकश्वरी मंदिर निर्माण के लिए 26 फरवरी की सुबह 9 बजे देव पूजन हवन एवं 10 बजे भूमिपूजन किया जाएगा। समिति में ग्राम उपनपाल के पुजारी सोमदेव गोयल, सिरहा सुकरु गोयल शामिल हैं।

### नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर आगामी आदेश तक प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नूपुर राशि पन्ना ने नगर से गुजरने वाले भारी वाहनों के प्रवेश पर आगामी आदेश तक पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया है। यह निर्णय शहर में बढ़ती दुर्घटनाओं और जाम की समस्या को देखते हुए लिया गया है। जारी आदेश के अनुसार कोण्डागांव–जगदलपुर मार्ग नगर के मध्यभाग से होकर गुजरता है। सघन आबादी एवं अत्यधिक भीड़भाड़ के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं और जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी।

## आयोजन: बस्तर संभागायुक्त ने ली केशकाल में समीक्षा बैठक

# राजस्व प्रकरणों का किया जाए त्वरित निराकरण व योजनाओं का करें प्रभावी क्रियान्वयनः कमिश्नर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर संभागायुक्त डोमन सिंह ने मंगलवार को केशकाल जनपद पंचायत सभाकक्ष में बैठक लेकर विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान संभागायुक्त ने राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय–सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की देरी स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने वन अधिकार पत्र के वारिसों के नामांतरण से संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने अपार आईडी में प्रगति लाने के लिए जन्म प्रमाण पत्र के लंबित मामलों का निराकरण शीघ्र करने के लिए शिक्षा विभाग और तहसीलदारों को निर्देशित किया। साथ ही जाति प्रमाण पत्र से जुड़े लंबित प्रकरणों को ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निक्षय मित्र की संख्या बढ़ाने, मोतियाबिंद ऑपरेशन में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा खाद्य विभाग, शिक्षा विभाग, मत्स्य पालन विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। संभागायुक्त ने केशकाल मार्ग के उन्नयन कार्य में तेजी लाते हुए उसे प्राथमिकता के साथ समय पर पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, जनपद सीईओ अनुराग सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### देव खरगांव पुनर्वास केंद्र का किया निरीक्षण

बस्तर संभागायुक्त डोमन सिंह ने मंगलवार को देव खरगांव स्थित पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों और दैनिक गतिविधियों की जानकारी ली। संभागायुक्त ने पुनर्वासित व्यक्तियों से संवाद करते हुए उनकी प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने केंद्र के प्रभारी अधिकारी को निर्देशित किया कि पुनर्वासितों को खेती की उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाए, जिससे वे कृषि कार्य को और बेहतर ढंग से आगे बढ़ा सकें। उन्होंने पुनर्वासितों को विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराने के निर्देश भी दिए, ताकि उन्हें व्यावहारिक जानकारी और प्रेरणा मिल सके। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त ने पुनर्वासित व्यक्तियों से आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता, मतदाता पहचान पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों एवं शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने की स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, डिप्टी कलेक्टर किशोर शर्मा तथा केंद्र के प्रभारी अधिकारी पुनेश्वर वर्मा उपस्थित रहे।



# सीपीआई जिला परिषद ने किया धरना-प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य, संभाग एवं जिला स्तर की समस्याओं के समाधान की दिशा में सरकार का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से सीपीआई जिला परिषद कोण्डागांव द्वारा एक दिवसीय धरना–प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित किया गया।

धरना–प्रदर्शन का नेतृत्व राज्य परिषद सचिव मंडल सदस्य काम. तिलक पाण्डे, जिला सचिव काम. शैलेष एवं सहायक सचिव काम. दिनेश ने किया। इस दौरान सरादू, सोमारु, बिसम्बर, पतिराम, सुखचरण, अनुराधा, खुशबू, बुधियारीन, मनती, तुलाबती, ब्रिजलाल, माहंगू, दुबेष, मानसिंह, रामचंद, चंदर सहित विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में कम्युनिस्ट कार्यकर्ता शामिल हुए। ज्ञापन में मनरेगा कानून को पुनः प्रभावी करते हुए बजट बढ़ाने एवं 200 दिन रोजगार गारंटी देने की मांग की गई। इसके साथ ही बस्तर संभाग में वनों की कटाई रोकने, ग्राम सभा की सहमति अनिवार्य करने तथा स्थानीय युवाओं को सरकारी व औद्योगिक भर्तियों में प्राथमिकता देने की बात कही गई।

**वनाधिकार, स्थानीय रोजगार और सीएसआर फंड पर जोर**

ज्ञापन में वर्ष 2005 से पूर्व वन भूमि पर काबिज लोगों को वनाधिकार पट्टा देने, उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता और सीएसआर फंड को स्थानीय बेरोजगारों के कौशल विकास व रोजगार भत्ता में उपयोग करने की मांग रखी गई।

### खनन, निजीकरण और उद्योगों पर उठाए सवाल

सीपीआई ने बीजापुर जिले के कुचनुर कोरण्डम खदान की पर्यावरण अनुमति प्रक्रिया रोकने, निजी कंपनियों को खदान लीज पर देने की व्यवस्था समाप्त करने और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की। साथ ही नगरनार स्टील प्लांट सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों के निजीकरण पर तत्काल रोक लगाने की मांग भी की गई।

# बजट से मिला बस्तर को विकास का नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भाजपा जिलाध्यक्ष सेवक राम नेताम ने वित्त वर्ष 2026–27 के राज्य बजट को समावेशी विकास, सामाजिक सुरक्षा और अधोसंरचना विस्तार की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए इसकी प्रमुख विशेषताओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत 1.72 लाख करोड़ रुपये का बजट "संकल्प" थीम पर आधारित है, जिसका लक्ष्य विकसित छत्तीसगढ़ 2047 का विजन साकार करना है। श्री नेताम ने बताया कि बजट में राज्य की आर्थिक वृद्धि दर 12.4 प्रतिशत अनुमानित है तथा राजकोषीय संतुलन पर विशेष ध्यान रखा गया है। शिक्षा, ग्रामीण विकास, कृषि और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रें में बड़े निवेश से प्रदेश की सामाजिक संरचना मजबूत होगी। स्कूल शिक्षा विभाग को सर्वाधिक वित्तीय आवंटन मिलना सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दर्शाता है।



### समृद्ध और विकसित राज्य बनाने की मजबूत नींव : भाजयुमो

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास दुआ ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026–27 के बजट का स्वागत करते हुए इसे जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप, दूरदर्शी और ऐतिहासिक दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य को विकास के नए आयाम तक ले जाने वाला है। विकास दुआ ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास, क्षेत्रीय संतुलन, मजबूत आधारभूत संरचना और मानव संसाधन विकास पर केंद्रित है।



### ज्ञान- गति के बाद संकल्प, समृद्ध छत्तीसगढ़ विकसित नारायणपुर का सशक्त रोडमैपः झा

**नारायणपुर।** वर्ष 2026 के लिए प्रस्तुत संकल्प थीम आधारित बजट को विकास, सुशासन और जनकल्याण की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं दूरदर्शी पहल बताते हुए भाजपा जिला महामंत्री संदीप कुमार झा ने हार्दिक स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि "ज्ञान-गति के बाद संकल्प" की मूल भावना के अनुरूप यह बजट नारायणपुर और पूरे छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल, आत्मनिर्भर और समावेशी भविष्य की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है। झा ने कहा कि यह बजट राज्य की विकास प्राथमिकताओं को राष्ट्रीय दृष्टिकोण से जोड़ता है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को सुदृढ़ आधार प्रदान करता है।





### भाजपा सरकार ने कॉर्पोरेट हितों को दी प्राथमिकता : भाकपा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जन–विरोधी करार देते हुए इसका कड़ा विरोध किया है। पार्टी के जिला परिषद सदस्य तिलक पांडे और सचिन मंडल ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि यह बजट भाजपा सरकार की पूंजीपरस्त नीतियों को उजागर करता है और आम जनता के हितों की पूरी तरह अनदेखी करता है। भाकपा नेताओं ने कहा कि बजट में किसानों के लिए न तो न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी है और न ही सिंचाई, बीज व खाद सब्सिडी में कोई ठोस बढ़ोतरी की गई है।



### सरकार ने पेश किया झूठ का पुलिंदा और जुमलों का बजट : नेताम

**केशकाल।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में साय सरकार द्वारा पेश किये बजट को लेकर पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने बजट को आम जनता के लिए निराशाजनक बताते हुए इसे "झूठ का पुलिंदा" और "जुमलों का बजट" करार दिया। संतराम नेताम ने कहा कि पहले 'गति' बजट लाया गया, जिसका परिणाम सबने देखा। इसके बाद 'ज्ञान' का बजट आया, जो उनके अनुसार 'अज्ञान' साबित हुआ। अब सरकार 'संकल्प' लेकर आई है, लेकिन इसका क्या हश्र होगा, यह भी समय बताएगा। संतराम नेताम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

## पेज 9 के शेष

### गांव-गांव गूंजा विकास का संदेश...

शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सेठिया ने की। संयोजक एवं सहसंयोजक महामंत्री मनोज पटेल एवं राजेश शर्मा रहे। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा महामंत्री रजनीश पाणिग्रही थे। मंच संचालन महामंत्री मनोज पटेल ने किया।

### बच्चों के साथ अधिकारियों ने...

माडल, कलात्मक प्रदर्शनी की अधिकारियों ने बहुत सराहना की और विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। इसी प्रकार की गतिविधि देऊरगांव के पीएमश्री शासकीय प्राथमिक विद्यालय में भी किया गया था। इसके साथ ही विद्यालय के बच्चों के साथ न्यौता भोजन भी अधिकारियों ने किया ।

छापर भानपुरी में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, लाभार्थियों की उपस्थिति एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 12 सेवाओं के लिए करंजी हेल्थ सेंटर को मिले प्रमाण पत्र को प्रदाय किए। साथ ही टीबी के मरीजों को रेडक्रॉस के माध्यम से फूड बास्केट का वितरण किया, पात्र हितग्राहियों को चश्मा का वितरण भी किया। कार्यक्रम में उन्होंने आयुष्मान कार्ड के लिए पंजीयन की प्रक्रिया को समझा और हितग्राहियों से चर्चा भी की । इसके उपरांत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) की स्वास्थ्य सेवाओं का भी निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, परामर्श एवं अन्य सुविधाओं की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन, लाभार्थियों तक पहुंच एवं समन्वय व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में यंग प्रोफेशनल नूपुर गोहरी ने विभागों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही दिक्कतों के संबंध चर्चा भी की।

### पर्यटन विशेषज्ञ ने ग्रामीण...

पर्यटन विक्रेताओं के साथ महत्वपूर्ण संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पर्यटन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के साथ भविष्य की संभावनाओं पर तकनीकी चर्चा की। दोपहर के समय बस्तर की सांस्कृतिक समृद्धि का एक और अध्याय तब खुला जब सुश्री किर्सी के समक्ष धुरवा जनजातीय नृत्य दल ने पारंपरिक मंडई, डंडारी और गुरगाल नाचा की शानदार प्रस्तुति दी। पारंपरिक वेशभूषा और वाद्य यंत्रों की थाप पर हुए इन नृत्यों ने विदेशी अतिथि को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक विशेषज्ञों द्वारा उन्हें इन नृत्यों के ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व की तकनीकी जानकारी भी दी गई।

बांस हस्तशिल्प और स्थानीय हुनर को वैश्विक दृष्टि

दोपहर के भोजन के उपरांत सुश्री किर्सी ने धुड़मारास में स्थानीय बांस शिल्पियों और कारीगरों के साथ 'तकनीकी इंटरैक्शन' सत्र में भाग लिया। उन्होंने बस्तर के प्रसिद्ध बांस हस्तशिल्प की बारीकियों को समझा और कारीगरों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उत्पादों के परिष्करण के सुझाव दिए। इसके साथ ही उन्होंने 'कल्चर वॉक' को जारी रखते हुए ग्रामीण जीवन के विभिन्न पहलुओं का अनुभव किया। दिन का समापन धुरवा डेरा होमस्टे में डीब्रीफ सत्र के साथ हुआ, जहाँ पूरे दिन की गतिविधियों की समीक्षा की गई। जिला प्रशासन और छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित इस प्रवास का उद्देश्य बस्तर के ग्रामीण पर्यटन को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करना है।

### इन्द्रावती नदी के नए पुल...

होने के कारण युवक का तत्काल पता नहीं चल सका लेकिन एसडीआरएफ और पुलिस टीम ने सुबह से ही नदी में पुनः सर्चिंग शुरू कर दी थी। बताया जा रहा है कि महिला आरक्षक का पति भी पुलिस विभाग में कार्यरत है। मृतक तरूण अपने चार भाई-बहनों में सबसे छोटा बताया जा रहा है। इस दुखद घटना के पीछे के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### भक्तों ने निकाली मां...

जाने वाले देवी के भक्त नहीं, अपितु मान्यताओं के भक्त होते हैं। हमें माता के आराधना नित्य करनी चाहिए, वह जननी है, जो लोग दिन विशेष पर ही माता के पास जाते है, वे सिर्फ औपचारिकता निभाते हैं। याद रखें पूरा संसार जगदंबा से ही प्रकट हुआ है।

कथा वाचक ने कहा कि मां महाकाली, मां महालक्ष्मी और मां सरस्वती तीनों का एक स्वरूप है जगदंबा, जो व्यक्ति लक्ष्मी को अपनी सेवा के लिए गलत कृत्यों में लगाते हैं। वहां लक्ष्मी नहीं टिकती। मां लक्ष्मी नारायण की सेवा करती हैं और जो व्यक्ति धन संपत्ति को सेवा कार्य में नहीं लगा अपने स्वार्थ में खर्च करता है। वह नारायण का भक्त नहीं हो सकता। संपत्ति में ग्रहण तब लगता है जब इसका दुरुपयोग हो, हमें पांच ग्रास करना चाहिए। अतिथि, गाय, कुत्ता, चीटियों और ब्राह्मण को भोजन कराने से अनजाने में हुआ पाप नष्ट हो जाता है। सनातन धर्म भी हमें अपने साथ जीव जंतुओं की सेवा की प्रेरणा देता आया है।

**चेहरा देख फैसला न करें**

भारद्वाज ने कहा कि रूप छीना जा सकता है, पर गुण छीना नहीं जा सकता। वैवाहिक निर्णय लेते समय भी रूप नहीं गुण देखकर हमें निर्णय करना चाहिए। वेद-पुराण के दृष्टांत हमें सचेत करते हैं। इन्हें हमें आत्मसात करना चाहिए, ऐसा करने पर ही हम चिंता मुक्त रहेंगे। टेक्नोलॉजी ने दुनिया को एक हद तक विकृत कर दिया है संसार संस्कार से ही संवरेगा। एआई जब से आई, तब से इसका उपयोग कम दुरुपयोग अधिक हो रहा है। यह दोष दूसरों को न दे, चूंकि ऐसा करने वाले हमारे आपके बच्चे ही हैं।

### आज के अनुष्ठान

श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के तहत गुरुवार को मां महागौरी महात्म, मनसा देवी कथा, रुद्राक्ष उत्पत्ति व उसकी महिमा, गायत्री महिमा सुनाई जाएगी। इसके साथ ही मां महागौरी की पालकी निकाली जाएगी।

## ग्रामीणों का आरोप- गुणवत्ताहीन सीमेंट का हो रहा उपयोग

# पर्रेबानगांव में बन रहे गौरव पथ में गुणवत्ताहीन कार्य से ग्रामीण नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

ब्लॉक के अंतगर्त ग्राम पर्रेबानगांव में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत लगभग 500 मीटर का गौरव पथ का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन निर्माण कार्य से पर्रेबानगांव के ग्रामीण नाराज हैं, ग्रामीणों का आरोप है कि सम्बंधित ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य करवाया जा रहा है और गौरव पथ निर्माण में गुणवत्ताहीन सीमेंट का उपयोग हो रहा है। गौरव पथ निर्माण में हरे रंग की बोरी वाले ड्यूरागार्ड कम्पनी का सीमेंट का उपयोग किया जा रहा है।

विभाग के ईई ने अधिकारी द्वारा भी निरीक्षण के दौरान ठेकेदार के कर्मचारियों को उस सीमेंट का उपयोग करने से मना किया गया है. उसके बावजूद उसी सीमेंट से निर्माण कार्य किया जा रहा है। यही नही स्थानीय पत्रकार और ग्रामीण निर्माण स्थल पर पहुचे तो उसी सीमेंट से निर्माण कार्य करता पाया गया। निर्माण कार्य करवा रहे कर्मचारियों ने ग्रामीणों और पत्रकारो को देखा तो तत्काल उस सीमेंट से काम बंद कर दूसरे सीमेंट से कार्य शुरू करवा दिया। ग्रामीणों से मना करने कर कर्मचारियों ने कहा कि गलती से इस ड्यूरागार्ड कम्पनी का सीमेंट आने से इसका उपयोग कर रहे थे। निर्माण के बाद सही तरीके से क्यूरिंग भी नहीं किया जा रहा है। जबकि ग्राम के सरपंच द्वारा गांव के दो ग्रामीणों को अलग से क्यूरिंग के लिए ठेकेदार को उपलब्ध करवाया गया है। इसके बावजूद भी ठेकेदार के कर्मचारीयों के द्वारा ठीक से निर्माण कार्य के बाद भी क्यूरिंग नहीं करवाया जा रहा है। अधिकारीयो के निर्देश के बाद भी अगले दिन बुधवार को ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा उसी ड्यूरागार्ड कंपनी के सीमेंट का ही उपयोग किया जा रहा था, जिसे लेकर ग्रामीणों में काफी नाराजी देखी गई।



### गुणवत्ता युक्त कार्य करने किया निर्देशित : ईई

निर्माण कार्य मे गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु मंगलवार सुबह पीएमजीएसवाय कोंडागांव के कार्यपालन अभियंता बलराम ठाकुर भी पर्रेबानगांव में निर्माणाधीन गौरव पथ सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में कुछ कमियाँ पाई। गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर उन्होंने ठेकेदार के मुंशी को कड़ी फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य निर्धारित मापदंडों एवं तकनीकी मानकों के अनुसार ही किया जाए।

# क्लासरूम लर्निंग के पक्ष में गूंजे तर्क, विश्वविद्यालय में वाद-विवाद स्पर्धा

## ऑनलाइन शिक्षा को बताया वैकल्पिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 'ऑनलाइन एजुकेशन बनाम ट्रेडिशनल क्लासरूम लर्निंग' विषय पर वाद-विवाद स्पर्धा का आयोजन किया गया। समसामयिक विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में लगभग 50 विद्यार्थियों ने आठ टीमों के रूप में भाग लिया। इनमें से छह टीमों ने पारंपरिक क्लासरूम पद्धति के समर्थन में अपने तर्क प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए,जबकि दो टीमों ने ऑनलाइन शिक्षा के पक्ष में विचार रखे।

प्रतिभागियों ने कहा कि तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद विद्यार्थी कक्षा में उपस्थित होकर अध्ययन करना अधिक प्रभावी मानते हैं। शिक्षक के प्रत्यक्ष सानिध्य में संवाद, अनुशासन और विषय की गहन समझ विकसित होती है। विद्यार्थियों का मत रहा कि ऑनलाइन शिक्षा उपयोगी जरूर है, परंतु वह पारंपरिक शिक्षण पद्धति का पूर्ण विकल्प नहीं हो सकती। यह स्पर्धा छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के निर्देशानुसार राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में संपन्न हुई। कार्यक्रम में प्रो मणिशंकर मिश्रा,डॉ रश्मि देवांगन व शिवम सोनवानी निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम समन्वयक डॉ अभिषेक अवस्थी सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण,अतिथि व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



### आठ टीमों ने लिया भाग

प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया, जिनमें से छह ने क्लासरूम लर्निंग के पक्ष में तर्क रखे। प्रतिभागियों ने शिक्षक-विद्यार्थी संवाद, अनुशासन, विषय की स्पष्टता और सामूहिक अध्ययन को पारंपरिक पद्धति की विशेषता बताया; ऑनलाइन शिक्षा को तकनीकी सुविधा के बावजूद सीमित एवं वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में प्रस्तुत किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की गतिविधियों के अंतर्गत यह आयोजन संपन्न हुआ; तथा निर्णायकों ने सभी प्रतिभागियों के तार्किक प्रस्तुतीकरण और विषय की समझ की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षणार्थियों ने बनाया इंडिया का आकर्षक नक्शा



**जगदलपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के व्यवसाय वेल्डर के प्रशिक्षणार्थियों ने नवाचार और कुशल प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रशिक्षणार्थियों ने संस्था के फिटर व्यवसाय के प्रायोगिक परीक्षा उपरांत निकले अनुपयोगी लोहे के स्क्रेप का रचनात्मक उपयोग करते हुए भारत का आकर्षक नक्शा तैयार किया है। इस रचनात्मक कार्य में संस्था के प्राचार्य सह संयुक्त संचालक परमेश्वर ईड़पाचे, वेल्डर व्यवसाय के प्रशिक्षण अधिकारी पीएस बारिक तथा फिटर व्यवसाय के प्रशिक्षण अधिकारी कन्हैयालाल नायक का मार्गदर्शन एवं सहयोग उल्लेखनीय रहा। प्राचार्य सह संयुक्त संचालक ईड़पाचे ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के नवाचार से न केवल तकनीकी दक्षता बढ़ती है, बल्कि संसाधनों के बेहतर उपयोग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी मिलता है। उल्लेखनीय है कि तैयार किया गया इंडिया का नक्शा वर्तमान में संस्था परिसर में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### संयुक्त संचालक ने जारी किए 65 अनापत्ति प्रमाण पत्र

**जगदलपुर।** शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक ने संभाग के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जिलों के शासकीय विद्यालयों में कार्यरत रहे व्याख्याता, प्रधान पाठक, उच्च श्रेणी शिक्षक और शिक्षक एलबी संवर्ग के पेंशन प्रकरणों के निराकरण में बड़ी तत्परता दिखाई है। संयुक्त संचालक स्कूल शिक्षा से मिली जानकारी के अनुसार सेवानिवृत्ति की 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले और दुर्भाग्यवश असामयिक देहावसान हुए कर्मचारियों के पेंशन मामलों के सूक्ष्म परीक्षण के उपरांत पिछले तीन महीनों में कुल 65 अनापत्ति प्रमाण पत्र विधिवत जारी किए गए हैं।


## स्व-सहायता समूहों की मजबूत बुनियाद पर आत्म-निर्भरता की ओर अग्रसर महिलाएं

# ग्रामीण महिलाएं रोजगार के साथ आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन विभाग के सहयोग से स्व-सहायता समूह और लघु वनोपज समितियां इमली का संग्रहण और व्यापार बड़े पैमाने पर कर रही हैं। ये समूह न्यूनतम समर्थन मूल्य पर इमली खरीदकर, उसके प्रसंस्करण और विपणन का कार्य कर रहे हैं,

■ हाट-बाजारों में बिचौलियों को हटाकर समर्थन मूल्य पर कर रही इमली की खरीदी



जिससे ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता और बिचौलियों से मुक्ति मिल रही है। महिला समूहों द्वारा इमली का प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन कार्य किया जा रहा है, जिससे उन्हें रोजगार मिला है। हाट-बाजारों में बिचौलियों को हटाकर समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित कर रहे हैं। बस्तर जिले में घोटिया, नानगुर, आसना, राजनगर, राजपुर, कुंगारपाल, गोडियापाल, मुस्कुची, चमिया क्षेत्रों में महिला समूह के सदस्य मिलकर इमली प्रसंस्करण का कार्य कर रहे हैं। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को रोजगार के साथ-साथ उनके आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वृत्त स्तरीय चक्रीय निधि से वनोपज संग्रहण एवं प्रसंस्करण हेतु जगदलपुर वृत्त के इच्छुक कृषकों एवं संग्रहको को संबंधित वन प्रबंधन समिति के माध्यम से चक्रीय निधि से ऋण प्रदाय किया जा रहा है। जिला यूनियन जगदलपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं सुकमा के ग्रामीण क्षेत्रों के हितग्राही, कृषक जो लघु वनोपज संग्रहण, प्रसंस्करण एवं लाख पालन आदि कार्य करने हेतु इच्छुक हैं और इसे करने हेतु आर्थिक सहायता, ऋण हेतु आवेदन किए हुए हैं, उन्हें चक्रीय निधि के माध्यम से ऋण मुख्य वन संरक्षक द्वारा प्रदाय कर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

वनधन विकास केन्द्र सहकारी समिति घोटिया पार्वती, सुबली, भुदेवी, सोनाय, सुनिता, गेलमनी, प्रमीला, मालती धनाय, चेरो, पायल, निरबती, फलमति ने बताया कि ग्रामीण गरीब परिवारों की महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण के लिये स्व-सहायता समूह बनाकर उनके संस्थागत विकास तथा आजीविका के संवहनीय अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पहले ग्रामीण क्षेत्र के निर्धन परिवारों में महिलाओं को आय मूलक गतिविधियां करने के अवसर नहीं मिलते थे, उनका जीवन केवल चूल्हे-चौके और घर की चार दीवारी तक ही सीमित रह जाता था। घर के संचालन, आय-व्यय, क्रय-विक्रय आदि सहित अन्य मुद्दों पर निर्णय में पुरूषों का एकाधिकार था। समूहों से जुड़कर महिलाओं को जो अवसर मिला, उससे उन्होंने अपनी काबिलियत सिद्ध कर अपनी अलग पहचान बना रही हैं।

### हितग्राहियों को दिया 1.49 करोड़ का ऋण

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के सीसीएफ आलोक कुमार तिवारी ने बताया कि बस्तर जिले के स्व-सहायता समूह व लघु वनोपज समितियों के 91 हितग्राहियों को चक्रीय निधि से एक करोड़ 49 लाख 52 हजार रूपए का ऋण दिया गया है। इससे महिलाएं एवं पुरूप आंटी इमली का संग्रहण, इमली से चपाती कर रहे है।

# पिछड़ा वर्ग समाज ने आयोग अध्यक्ष को सौपा मांगपत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग ने छग शासन के पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा से भेंट कर सात सूत्रीय मांगों को लेकर

■ पिछड़ा वर्ग समाज की आवाज बुलंद,सात सूत्रीय मांगों पर आयोग अध्यक्ष से विस्तृत चर्चा

विस्तार से चर्चा की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार छग शासन के पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के पदाधिकारी एक दिवसीय बस्तर दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने पिछड़ा वर्ग से संबंधित योजनाओं एवं पात्र हितग्राहियों को मिल रहे लाभ की स्थिति पर समाज एवं उनके पदाधिकारियों से संवाद किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग ने संभागीय अध्यक्ष तरुण सिंह धाकड़ के नेतृत्व में ओबीसी समाज की मांगें रखीं। इनमें ओबीसी समुदाय को 27 प्रतिशत आरक्षण 9वीं अनुसूची में शामिल करते हुए प्रदान करना,पंचायत चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग को पूर्व की भांति आरक्षण रोस्टर का पालन,ओबीसी नॉन क्रीमीलेयर की आय सीमा 8 लाख से बढ़ाकर 15 लाख करना, संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में 100 सीटर ओबीसी छात्रावास का निर्माण, एसटी/एससी/ओबीसी विद्यार्थियों के हित में यूजीसी कानून लागू करना तथा सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के लिए जिला बस्तर जगदलपुर में भूमि एवं भवन आबंटन शामिल है।

साथ ही सरकार द्वारा बस्तर एवं सरगुजा संभाग में पेसा कानून लागू करने के निर्णय का स्वागत करते हुए समाज ने आग्रह किया कि इसे लागू करने से पूर्व पिछड़ा वर्ग समाज को विश्वास में लेकर भागीदारी सुनिश्चित की जाए, अन्यथा खुलकर विरोध किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न समाजों के प्रमुखगण उपस्थित थे।

# आम आदमी को नियमों के तहत वैध अधिकार दिलाने निगम कटिबद्ध : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम कार्यालय में बुधवार को महापौर संजय पांडेय एवं आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अवैध प्लॉटिंग के नियमितिकरण के विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। चर्चा

■ नगर निगम में अवैध प्लॉटिंग के नियमितिकरण को लेकर बैठक



उपरांत सभी पक्षों की सहमति से चरणबद्ध रोडमैप तैयार किया गया। अवैध प्लॉटिंग के नियमितिकरण हेतु लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय एवं तैयार किया गया रोडमैप इस प्रकार है। सर्वप्रथम संबंधित भूमि की वास्तविक स्थिति का निर्धारण राजस्व अभिलेखों के अधीन किया जाना आवश्यक होगा। इसके अंतर्गत संबंधित भूमि स्वामी अथवा क्रेता द्वारा पटवारी एवं राजस्व अधिकारियों से संपर्क कर खसरा-खतौनी एवं सीमांकन के माध्यम से भूमि की वास्तविक स्थिति ज्ञात की जाएगी तथा उपलब्ध भूमि पर वास्तविक कब्जा सुनिश्चित किया जाएगा। जिन भू-खंडों का नामांतरण अभी भी ब्रोकरों के नाम पर दर्ज है उन्हें विधिसम्मत प्रक्रिया के अंतर्गत या तो छत्तीसगढ़ शासन के अधीन स्थानांतरित कराया जाएगा अथवा संबंधित हितग्राहियों द्वारा एक पंजीकृत सोसाइटी का गठन कर उक्त भूमि को सोसाइटी के नाम हस्तांतरित किया जाएगा जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त नियमितिकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने हेतु टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, विभाग से संबंधित सभी आवश्यक स्वीकृतियाँ, भू-उपयोग, ले-आउट स्वीकृति एवं अन्य तकनीकी औपचारिकताओं को पूर्ण किया जाएगा।

उपर्युक्त सभी चरणों की पूर्ति के पश्चात नगर निगम द्वारा नियमानुसार नियमितिकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिससे संबंधित भूमि पर भवन निर्माण की अनुमति एवं मूलभूत नागरिक सुविधाओं की उपलब्धता का मार्ग प्रशस्त हो सके। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि निर्धारित चरणों का विधिवत पालन करते हुए अवैध प्लॉटिंग के मामलों का स्थायी समाधान संभव है। नगर निगम द्वारा इस संपूर्ण प्रक्रिया में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया जिससे आम नागरिकों को उनके वैध

# युवाओं के भविष्य को मजबूत करने वाला दूरदर्शी बजट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भाजयुमो प्रदेश सह कोषाध्यक्ष कीर्ति पाढ़ी ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को प्रदेश के लिए "ग्रोथ और गुड गवर्नेंस" का ब्लूप्रिंट बताते हुए कहा कि यह बजट युवाओं कि आकांक्षाओं, रोजगार और आधुनिक विकास को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि लगभग 1.72 लाख करोड़ रूपये के इस बजट में सरकार ने भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर, इंडस्ट्री और स्किल डेवलपमेंट पर विशेष जोर दिया है। भाजयुमो नेता कीर्ति पाढ़ी ने कहा कि प्रदेश में 23 नए औद्योगिक पार्क, स्टार्टअप और स्किल योजनाओं का विस्तार तथा उद्योग विकास के लिए विशेष प्रावधान युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने वन विभाग में 1000 पदों पर भर्ती एवं बस्तर फाइटर के 1500 पदों पर भर्ती की घोषणा को युवा वर्ग के लिए उत्साहवर्धक बताते हुए कहा कि इससे सुरक्षा और सेवा दोनों क्षेत्रों में नए अवसर पैदा होंगे।उन्होंने कहा कि सरकार ने सामाजिक संतुलन बनाए रखते हुए महिलाओं और बेटियों के लिए भी ठोस निर्णय लिए हैं, जिसमें 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 1.5 लाख रूपये की सहायता तथा संपत्ति पंजीयन में छूट जैसी योजनाएं शामिल हैं। साथ ही किसानों के लिए कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत बड़े बजटीय प्रावधान यह दर्शाते हैं कि सरकार विकास को समावेशी रूप से आगे बढ़ाना चाहती है।भाजयुमो प्रदेश सह कोषाध्यक्ष कीर्ति पाढ़ी ने कहा कि शिक्षा सिटी, नए मेडिकल कॉलेज और बस्तर क्षेत्र के लिए विशेष परियोजनाएं यह साबित करती हैं कि सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि जमीनी बदलाव के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बजट प्रदेश के युवाओं में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास पैदा करेगा तथा छत्तीसगढ़ को तेज गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ाएगा।

# बस्तर के विकास में दिखाया गया सिर्फ सब्जबाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा बजट में रोजगार, शिक्षा,कृषक, महिला सुरक्षा किसी पर कोई प्रावधान न होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है किसानों की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरने वाला बजट है।प्रदेश सरकार खुद को किसानों का हितैषी बताती है, लेकिन समर्थन मूल्य पर धान खरीदने में सरकार की ओर से आना-कानी की जाती है और नए-नए नियम व शर्तें लागू कर किसानों को अपनी उपज बेचने से वंचित किया जाता है।प्रदेश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार किसान हैं, लेकिन प्रस्तुत बजट में किसानों के लिए कोई ठोस और भरोसेमंद प्रावधान नजर नहीं आना दिशाहीन बजट में आता है।छत्तीसगढ़ को विकसित करने का नहीं,भाजपा ने अपने मुनाफाखोरी का पेश बजट किया है इस बजट मुनाफा और संसाधनों की लूट का संकल्प है आयरन स्टील और कृषि आधारित इकाइयों के संरक्षण के लिए कुछ नहीं है। अनियमित और संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण का वादा भी पूरा नहीं हुआ। रसोइया संघ और महिलाओं के लिए भी बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं है।यह बजट महिलाओं के लिए निराशाजनक बजट है। महिला सुरक्षा और रोजगार के लिए कोई विशेष पैकेज नहीं है। रानी दुर्गावती योजना भी अस्पष्ट है। 500 रुपये में रसोई गैस सिलिंडर के वादे के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया।

### संकल्प का नहीं, भ्रष्टाचार का बजट

**जगदलपुर।** चित्रकोट विधानसभा के पूर्व विधायक राजमन बेंजाम ने बजट को जन-कल्याण के संकल्प के बजाय भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाला दस्तावेज करार दिया। बेंजाम ने कहा कि बजट में प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं है। प्रदेश की महतारी (डीएड) की महिलाएं अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं, लेकिन सरकार उन्हें राहत देने के बजाय जेल में डाल रही है। बजट में महिलाओं और युवाओं को नौकरी के नाम पर सिर्फ झुनझुना पकड़ाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों को अपने उद्योगपति मित्रों के हवाले करने की योजना बना रही है। देखा जाए तो बजट में ऐसा कुछ नहीं है, जिसे देखकर इसे सर्वहारा वर्ग का कहा जाए।



### बस्तर के लोगों के साथ छलावा

**जगदलपुर।** पूर्व संसदीय सचिव व विधायक रेखचंद जैन ने कहा है कि बजट की घोषणाएँ बस्तर के लोगों के लिए छलावा हैं। बस्तर के संदर्भ में की जाने वाली घोषणाएं सालों बाद भी धरातल में नहीं उतर पाती हैं। राज्य की भाजपा सरकार को चाहिए कि वह घोषणापत्र के सभी प्रावधानों को तत्काल प्रभाव से लागू करे। जैन ने कहा है कि वर्ष 2026-27 का राज्य बजट भी अलाभकारी, असंतुष्टीदायक साबित हुआ है। इसमें बस्तर के गांव, गरीब, किसान, महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों समेत समाज के किसी भी वर्ग के लिए कोई खास पहल नहीं की गई है। सरकार बनाने के पहले भाजपा ने जो वायदा किया था उसे पूरा करने की बजाय केवल जबानी रकम खर्च करने की कवायद की गई है।



# अमानत पखवाड़ा में जमा हुए 72 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के अंतर्गत शाखाओं में 14 फरवरी से 15 मार्च तक अमानत पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाना

■ बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने दिए प्रमाण पत्र



प्रस्तावित है जिसके तहत आज शाखा बकावण्ड में बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उन्होंने कहा केन्द्र शासन, राज्य शासन की समस्त योजनाओं का क्रियान्वयन बैंक की ओर से बेहतर से बेहतर तरीके से किये जाने का उल्लेख किया गया। बैंक के समस्त सम्माननीय ग्राहक तथा किसान बंधुओं से बचत करने अमानत वृद्धि हेतु प्रेरित किया गया। शाखा अंतर्गत आज के कार्यक्रम में उन्नीस कृषकों से रुपए राशि बाईस लाख एवं वन समिति राजनगर से रुपए राशि पच्चास लाख कुल राशि बाहत्तर लाख रुपए फिक्स डिपॉजिट कराया गया। मुख्य अतिथि ने सभी अमानतदारों को अमानत प्रमाण पत्र दिए। इस अवसर पर जनपद पंचायत बकावण्ड की अध्यक्ष सोनबारी भद्रे उपाध्यक्ष तरुण पांडे मंडल अध्यक्ष पीताम्बर कश्यप अनिल बिसाई जनपद सदस्य जितेंद्र पाणिग्रही पूर्व जनपद उपाध्यक्ष धनुर्जय कश्यप पूर्व जनपद अध्यक्ष दामोदर बघेल भाजपा महामंत्री गजाधर कुलदीप पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी नील कुमार बघेल किसान संघ जिलाध्यक्ष मोहनजोशी वरिष्ठ भाजपा नेता शाखा अंतर्गत सभी समितियों के प्राधिकृत अधिकारीगण शाखा बकावण्ड के शाखा प्रबंधक अनंतप्रसाद पांडे , आर के सूर्यवंशी, अपराजिता ठाकुर प्रधान कार्यालय से मनोज सिंह समस्त समिति प्रबंधक कर्मचारी गण एवं कृषकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आर के सूर्यवंशी द्वारा एवं आभार प्रदर्शन गीता नायक के द्वारा किया गया।

